Name Satyam Yadav Roll No. 90 SS

# प्री-बोर्ड परीक्षा-2024

समय-3.00 घण्टे **कक्षा-X** पूर्णांक-70

## विषय-हिन्दी

नोट-प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित हैं। खण्ड-क एवं खण्ड-ख। खण्ड-क में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न दिए गए हैं। खण्ड-ख में 50 अंक के निर्धारित प्रश्न दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख अंक दिए गए हैं।

### खण्ड-क ''बहुविकल्पीय प्रश्न''

1. निम्नलिखित कथनों में से कोई एक कथन सही है उसे पहचान कर लिखिए। 1
   - (अ) 'अशोक के फूल' हजारी प्रसाद द्विवेदी का निबंध संग्रह है।
   - (ब) डा0 रामकुमार वर्मा ख्याति प्राप्त कहानीकार हैं।
   - (स) त्रिवेणी रामचन्द्र शुक्ल का प्रसिद्ध नाटक है।
   - (द) 'अर्द्ध नारीश्वर' के लेखक जयशंकर प्रसाद हैं।
2. खड़ी बोली गद्य की प्रथम रचना मानी जाती है- 1
   - (अ) गोरा बादल की कथा (ब) साहित्यालोचन
   - (स) राग दरबारी (द) क्या भूलूं क्या याद करूं
3. तार सप्तक के सम्पादक हैं - 1
   - (अ) अज्ञेय (ब) निराला (स) महादेवी वर्मा (द) श्याम नारायण पाण्डेय
4. दूँठा आम किसकी रचना है - 1
   - (अ) भगवत शरण उपाध्याय (ब) दिनकर
   - (स) हजारी प्रसाद द्विवेदी (द) महावीर प्रसाद द्विवेदी
5. 'अंजलि' काव्य के रचयिता हैं - 1
   - (अ) रामकुमार वर्मा (ब) वियोगी हरि
   - (स) विष्णु प्रभाकर (द) रामनरेश त्रिपाठी
6. रोला में कितने चरण होते हैं - 1
   - (अ) चार (ब) दो (स) छः (द) आठ
7. जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर किया जाता है उन्हें कहते हैं- 1
   - (अ) सर्वनाम (ब) क्रिया (स) विशेषण (द) अव्यय

P.T.O.

PDF Hindustanknowledge.com

विश्वासपात्र मित्र जीवन की एक औसध है। हमें अपने मित्रों से यह आशा रखनी चाहिए कि वे उत्तम संकल्पों में हमें दृढ़ करेंगे, दोषों और त्रुटियों से हमें बचाएंगे हमारे सत्य, पवित्रता और मर्यादा के प्रेम को पुष्ट करेंगे, जब हम कुमार्ग पर पैर रखेंगे, तब वे हमें सचेत करेंगे, जब हम हतोत्साहित होगें तब हमें उत्साहित करेंगे। सारांश यह है कि वे हमें उत्तमतापूर्वक जीवन निर्वाह करने में हर तरह से सहायता देंगे।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) एक सच्चा मित्र किसे कहा गया है?

अथवा

पहले पहाड़ काटकर उसे खोखला कर दिया गया फिर उसमें सुन्दर भवन बना लिए गए, जहाँ खम्भों पर उभरी मूरतें विहँस उठी। भीतर की समूची दीवारें और छतें रगड़कर चिकनी कर ली गई और तब उनकी जमीन पर चित्रों की एक दुनिया ही बसा दी गई। पहले पलसतर लगाकर आचार्यों ने उन पर लहराती रेखाओं में चित्रों की काया सिरज दी फिर उनके चेले कलावन्तों ने उनमें रंग भरकर प्राण फूक दिये।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का संदर्भ लिखिए।

(ख) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(ग) पहाड़ों को जीवन्त कैसे बनाया गया है?

22. निम्न पद्यांशों में से किसी एक की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। 6

(क) लखन लखेउ रघुवंसमनि-ताकेउ हर कोदंडु।
पुलक गात बोले बचन चरन चापि ब्रह्मांड।।

(ख) जप माला छापा तिलक सरै न एकौ कामु।
मन काँचै नाचै वृथा, साँचै राँचै राम।।

23. (क) निम्न लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय दीजिए। 4

(अ) रामचन्द्र शुक्ल (ब) भगवतशरण उपाध्याय (स) जयशंकर प्रसाद

(ख) निम्न कवियों में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय दीजिए। 4

(अ) सूरदास (ब) बिहारीलाल (स) तुलसीदास

24. निम्न का संदर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए। 4

नागरिकः बहुकालं यावत अचिन्तयत् परं प्रहेलिकायाः उत्तरं दातुं समर्थः न आसीत्। अतः ग्रामीणम् अवदत् अहम् अस्याः प्रहेलिकायाः उत्तरं न जानामि।

PDF Hindustanknowledge.com
vivo
Jan 16, 2024

8. 'हे खग मृग हे मधुकर श्रेणी'। तुम देखी सीता मृगनयनी' में कौन-सा रस है। 1

(अ) करूण (ब) हास्य (स) वीर (द) इनमें से कोई नहीं

9. हिन्दी का प्रथम कहानी हैं - 1

(अ) इन्दुमती (ब) कफन (स) ममता (द) कोई नहीं

10. युस्मत की विभक्ति एवं वचन बताइए। 1

(अ) पंचमी बहुवचन (ब) षष्ठी बहुवचन

(स) सप्तमी द्विवचन (द) चतुर्थी एकवचन

11. तुलसीदास के गुरू थे- 1

(अ) रामानन्द (ब) नरहरिदास (स) नन्ददास (द) चतुर्भुजदास

12. तुलसीदास की रचना है - 1

(अ) चिन्तामणि (ब) विनय पत्रिका (स) सूरसागर (द) पथिक

13. वाराणसी किस नदी के किनारे स्थित है- 1

(अ) यमुना (ब) गंगा (स) सतलज (द) ब्रह्मपुत्र

14. तितली उपन्यास की रचना किसका है - 1

(अ) धर्मवीर भारती (ब) जयशंकर प्रसाद (स) रामकुमार वर्मा (द) विष्णुप्रभाकर

15. कृष्ण भक्ति शाखा के कवि हैं - 1

(अ) बिहारीलाल (ब) सूरदास (स) तुलसीदास (द) महादेवी वर्मा

16. 'गुरू आई' पद में प्रत्यय है - 1

(अ) गुरू (ब) आई (स) रूआ (द) रूई

17. राम भक्ति शाखा के कवि हैं - 1

(अ) सूरदास (ब) तुलसीदास (स) कबीरदास (द) रसखान

18. त्रिभुवन पद में समास है- 1

(अ) ततपुरुष (ब) द्विगु (स) बहुव्रीहि (द) द्वन्द्व

19. रसमीमांसा ग्रंथ है - 1

(अ) निबंध (ब) आलोचना (स) उपन्यास (द) कहानी

20. अ उपसर्ग से बना है - 1

(अ) अनजान (ब) अथाह (स) अधजला (द) अधपका

खण्ड-ख ''वर्णनात्मक प्रश्न''

21. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश पर आधारित सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 6

PDF.Hindustanknowledge.com

इदं श्रुत्वा ग्रामीणः अकथयत यदि भवान् उत्तरं न जानाति, तर्हि ददातु दशरूप्यकाणि। अतः म्लानमुखेन नागरिकेण समयानुसारं दशरूप्यकाणि दत्तानि।

अथवा

बन्धनं मरणं वापि जयो वापि पराजयः।
उभयत्र समो वीरः वीरभावो हि वीरता।।

25. (क) अपनी पाठ्य पुस्तक से एक श्लोक लिखो जो इस प्रश्न पत्र में न आया हो। 2

(ख) **निम्न में से किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर संस्कृत में दीजिए।** 2

(अ) वाराणसी नगरी कुत्र स्थिता अस्ति? (ब) चन्द्रशेखरः क आसीत?

(स) विश्वस्य स्रष्टाः कः? (द) वीरः केन पूज्यते?

26. (क) उपमा अथवा रूपक अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ख) करूण अथवा हास्य रस की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

(ग) दोहा अथवा सोरठा छन्द का लक्षण तथा उदाहरण लिखिए। 2

27. निम्न में से दो के मेल से एक-एक शब्द बनाइए। 2

(क) अ (ख) अधि (ग) अप (घ) उप

28. (क) निम्न में से किन्हीं दो का समास कीजिए तथा समास का नाम लिखिए। 2

(अ) नव-रत्न (ब) गजानन (स) देश-विदेश

(ख) निम्न में से किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए। 2

(अ) पृथ्वी (ब) फल (स) बादल (द) भ्रमर

(ग) निम्न में से किन्हीं दो का संस्कृत में अनुवाद कीजिए। 2

(अ) तुम पुस्तक पढ़ो। (ब) वह घर गया।

(स) वह जाता है। (द) मैं बाजार गया।

29. 'तुमुल' खण्डकाव्य के नायक लक्ष्मण की चारित्रिक विशेषताओं का वर्णन कीजिए। अथवा तुमुल खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग का कथानक संक्षेप में लिखिए। 3

30. **निम्न विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।** 7

(क) यातायात के नियम

(ख) पर्यावरण प्रदूषण

(ग) बेरोजगारी

PDF Hindustanknowledge.com
vivo Y12s
Jan 16, 2024, 15:51